श्री अनिल कुमार शुक्ल, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, न्यायालय कक्ष संख्या- 02 बाराबंकी द्वारा श्री खान जीशान मसूद, न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय, सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी के न्यायालय एवं कार्यालय के किए गए वार्षिक निरीक्षण की टिप्पणी।

वर्तमान निरीक्षण दिनांकः- 24/02/2023

विगत निरीक्षण दिनांकः- 07/03/2022

*****

मैंने ग्राम न्यायालय, सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी के न्यायालय एवं कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण प्रशासकीय आदेश संख्या- 05/2023 (प्रशासकीय) के अनुपालन में दिनांक- 24/02/2023 को किया।

इस ग्राम न्यायालय से प्राप्त प्रश्नवार प्रपत्र संख्या 1 के आधार पर दौरान निरीक्षण यह पाया गया कि पीठासीन अधिकारी द्वारा त्रैमासिक निरीक्षण नियमित रूप से किये गये हैं। माह मार्च 2022 की निरीक्षण आख्या जनपद न्यायाधीश, बाराबंकी के प्रशासनिक कार्यालय में विहित समयावधि के अन्तर्गत प्रस्तुत किया गया है, लेकिन माह जून 2022, सितम्बर 2022 तथा दिसम्बर 2022 के अन्त में किये गये त्रैमासिक निरीक्षण को प्रशासनिक कार्यालय में विलम्ब से प्रेषित किया गया। सम्बन्धित न्यायालय में कार्यरत मुंसरिम/रीडर को निर्देशित किया जाता है कि वह त्रैमासिक निरीक्षण आख्या को प्रशासनिक कार्यालय में निरीक्षण अवधि से 15 दिवस के भीतर प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।

Sir Noted (रीडर)

यह न्यायालय, जनपद की तहसील सिरौलीगौसपुर के मुख्य भवन में स्थित है। निरीक्षण के समय पाया गया कि पीठासीन अधिकारी का विश्राम कक्ष मानक के अनुरूप नहीं है। विश्राम कक्ष की लम्बाई-चौड़ाई 08 x 12 फीट लगती है, जिसमें पीठासीन अधिकारी व उसी में आशुलिपिक का कार्यस्थल भी है। विश्राम कक्ष से मिला हुआ शौचालय है जिसका उपयोग पीठासीन अधिकारी के द्वारा किया जाता है।

इस न्यायालय का कार्यालय मुख्य भवन से अलग आवासीय भवन में स्थित है। न्यायालय कक्ष में पर्याप्त फर्नीचर उपलब्ध है। इस सम्बन्ध में किसी को कोई शिकायत नहीं है। निरीक्षण के दौरान यह बताया गया कि पत्रावलियों को सुरक्षित रखने हेतु आलमारियों की

शीर्ण अवस्था में पाई गईं। सम्बन्धित लिपिक को निर्देशित किया जाता है कि पत्रावलियों का रखरखाव उचित प्रकार से करें और भविष्य में इस सम्बन्ध में सचेत रहें।

निरीक्षण के दौरान पीठासीन अधिकारी के विश्राम कक्ष की घड़ी बन्द पाई गई। रीडर को निर्देशित किया जाता है कि वह नजारत अनुभाग को सूचना प्रेषित करें।

सम्पूर्ण निरीक्षण के दौरान मैंने पाया कि इस न्यायालय के कर्मचारीगण द्वारा न्यायालय एवं कार्यालय का कार्य सुचारु रूप से सम्पन्न किया जा रहा है।

दिनांक- 24.02.2023

(अनिल कुमार शुक्ल)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
न्यायालय संख्या- 02, बाराबंकी

निरीक्षण आख्या में दिए गए निर्देशों का अनुपालन पन्द्रह दिन के अन्दर करने के पश्चात निरीक्षण आख्या चार प्रतियों में माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय, बाराबंकी को अवलोकनार्थ भेजी जाये।

दिनांक- 24.02.2023

(अनिल कुमार शुक्ल)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
न्यायालय संख्या- 02, बाराबंकी